ग्रामीण कृषि मौसम सेवा, कृषि मौसम विभाग
जलवायु परिवर्तन पर उच्च अध्ययन केन्द्र
डा0 राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय
पूसा,समस्तीपुर (बिहार)–848125

बुलेटिन संख्या-३१
दिनांक- शुक्रवार, २३ अप्रैल, २०२१

विगत मौसम पूर्वानुमान अवधि का आकलन

मौसमीय वेद्यशाला पूसा के आकलन के अनुसार पिछले तीन दिनों का औसत अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान क्रमशः 35.6 एवं 20.2 डिग्री सेल्सियस रहा। औसत सापेक्ष आर्द्रता 78 प्रतिशत सुबह में एवं दोपहर में 46 प्रतिशत, हवा की औसत गति 4.8 कि0मी0 प्रति घंटा एवं दैनिक वाष्पण 5.6 मि0मी0 तथा सूर्य प्रकाश अवधि औसतन 4.9 घन्टा प्रति दिन रिकार्ड किया गया तथा 5 से0मी0 की गहराई पर भूमि का औसत तापमान सुबह में 26.83 एवं दोपहर में 33.8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। इस अवधि में हल्की तेज हवा के साथ बूंदा–बूंदी हुई है।

मध्यावधि मौसम पूर्वानुमान
(24–28 अप्रैल 2021)

ग्रामीण कृषि मौसम सेवा, डा0आर0पी0सी0ए0यू0, पूसा, समस्तीपुर एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग के सहयोग से जारी 24–28 अप्रैल, 2021 तक के मौसम पूर्वानुमान के अनुसारः–

- पूर्वानुमान की अवधि में उत्तर बिहार के जिलों में अगले दो दिनों तक आसमान में हल्के बादल आ सकते है। हालांकि, पूरे पूर्वानुमानित अवधि में मौसम के शुष्क रहने की संभावना है।
- इस अवधि में अधिकतम तापमान 36–40 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। जबकि न्यूनतम तापमान 23–26 डिग्री सेल्सियस के आस–पास रह सकता है।
- सापेक्ष आर्द्रता सुबह में 45 से 55 प्रतिशत तथा दोपहर में 25 से 30 प्रतिशत रहने की संभावना है।
- पूर्वानुमानित अवधि में औसतन 10 से 14 कि0मी0 प्रति घंटा की रफ्तार से पछिया हवा चलने की सम्भावना है। मुजफ्फरपुर, दरभंगा मधुबनी तथा सीतामढ़ी जिलों में २६ से २८ अप्रैल के बीच पुरवा हवा चलने का अनुमान है।
- **विशेष सलाह–कोरोना (कोविड–१९) के गंभीर फैलाव को देखते हुए किसानों को सलाह है कि तैयार फसलों कि कटाई तथा अन्य कृषि कार्यों के दौरान भारत सरकार द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों, व्यक्तिगत स्वच्छता, मास्क का उपयोग, साबुन से उचित अंतराल पर हाथ धोना तथा एक–दूसरे के बीच सामाजिक दूरी (अर्थात कम से कम 1 मीटर यानी 3 फीट की दूरी) बनाए रखने पर विशेष ध्यान दें।**

• समसामयिक सुझाव

- पूर्वानुमानित अवधि में मौसम के शुष्क रहने की संभावना को देखते हुए किसान भाई गेहूँ, अरहर एवं मक्का फसल की कटनी एवं दौनी के कार्य को प्राथमिकता दें। गेहूँ एवं मक्का के दानों को अच्छी तरह धूप में सूखाने के बाद भंडारण करें। भंडारण के लिए जुट के बोरे की व्यवस्था कर लें। एवं बोरे को पलटकर अच्छी प्रकार घुप में सुखाकर कीट रहित कर लें।
- रबी फसल की कटाई के बाद खाली खेतों की गहरी जुताई कर खेत को खुला छोड़ दें ताकि सुर्य की तेज धुप मिट्टी में छिपे किड़ों के अण्डे, प्युपा एवं घास के बीजों को नष्ट कर दें।
- बसंतकालीन मक्का, पिछात बोयी गई रवी मक्का, प्याज, सब्जियों की फसल एवं चारा फसलों में सिंचाई शाम के समय में करें। ध्यान दें कि, सिंचाई करते समय हवा की गति कम हों।
- लत्तर वाली सब्जियों जैसे नेनुआ, करैला, लौकी (कद्दू), और खीरा में लाल भृंग कीट से बचाव हेतु डाइक्लोरवाँस 76 इ0सी0 / 1 मि0ली0 प्रति ली0 पानी की दर से आसमान साफ रहने पर ही छिड़काव करे।
- मूंग व उरद् की फसलों में सघन रोमोवाली सुंडिया की निगरानी करें। इनके सुंडियो के शरीर के उपर काफी घने बाल पाये जाते है। यह मूंग एवं उरद् के पौधों के कोमल भागों विषेषकर पत्तियों को खाती है। इनकी संख्या अधिक रहने पर कभी–कभी केवल डण्ठल ही शेष रह जाती है। इस प्रकार इस कीट से फसल को काफी नुकसान एवं उपज में काफी कमी आती है। रोक–थाम हेतु फसल में मिथाइल पैराथियान 50 ई0सी0 दवा का 2 मि0ली0 / लीटर या क्लोरपाईरिफॉस 20 ई0सी0 दवा का 2.5 मि0ली0 / लीटर पानी की दर से घोल बनाकर फसल में छिडकाव करें।
- आम एवं लीची के बगीचों में नमी बनाये रखें। आम के पेड़ में मिलीबग (दहिया कीट) की निगरानी करें। यह कीट चिपटे गोल आकार के पंखहीन तथा शरीर पर सफेद दही के रंग का पॉउडर चिपका रहता है। यह आम के पेड़ में मुलायम डालों और मंजर वाले भाग में बहुतो की संख्या में चिपका हुआ देखा जा सकता है तथा यह उन हिस्सों से लागातार रस चुसता रहता है जिससे अक्रान्त भाग सुख जाता है तथा मंजर झड़ जाते हैं। इस कीट से रोकथाम हेतु डाइमेथोएट 30 ई0सी0दवा का 1.0 मि0ली0 / लीटर पानी की दर से घोल बनाकर पेड़ पर समान रुप से छिडकाव करें।
- खरपतवार रोग एवं कीट नियंत्रण हेतु पड़ती खेत की ग्रीष्मकालीन जुताई करें। कीट नियंत्रण हेतु बसंतकालीन ईख तथा गरमा फसलों पर कीटनाशक एवं फफूंदनाशक दवाओं का व्यवहार करें। हरा चारा के लिए मक्का, ज्वार, बाजरा तथा लोबिया की बुआई करें।
- भिण्डी में फल एवं प्ररोह वेधक कीट की निगरानी करें। इसके पिल्लू भिण्डी के शीर्ष प्ररोह, पुष्प एवं फल को नुकसान पहुचाती है। इस कीट से बचाव हेतु सर्वप्रथम क्षतिग्रस्त पौधे के भागों व अक्रान्त फल की तुराई कर खेत से अलग कर दें एवं इसके बाद मैलाथियान 50 ई0सी0 दवा का 1 मि0 ली0 या डाइमेथोएट 30 ई0सी0 का 1.5 मि0 ली0 प्रति लीटर पानी की दर से छिड़काव करें।

आज का अधिकतम तापमानः 35.3 डिग्री सेल्सियस, सामान्य से 1.2 डिग्री सेल्सियस कम	आज का न्यूनतम तापमानः 17.8 डिग्री सेल्सियस, सामान्य से 4.1 डिग्री सेल्सियस कम

(डॉ0 गुलाब सिंह)
तकनीकी पदाधिकारी

(डॉ0 ए. सत्तार)
नोडल पदाधिकारी